दिनांक : 15.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री–जनजातीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर आज छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह का भी शुभारंभ किया। श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और समृद्ध आदिवासी विरासत और संस्कृति पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने मध्यप्रदेश की दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय और दो जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री जमुई से पीएम–जनमन अभियान के अंतर्गत बनाए गए ग्यारह हजार घरों के गृह प्रवेश में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

इधर, भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर प्रदेश के शहडोल में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से 68 करोड 15 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और 161 करोड 51 करोड के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

राजस्व महा–अभियान

प्रदेश में आज से राजस्व महा–अभियान का तीसरा चरण शुरू हुआ। इस महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक किया जायेगा। सभी जिला कलेक्टर्स को महा–अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। जिलेवार प्रगति के लिये राजस्व महा–अभियान डेश बोर्ड भी बनाया गया है।

महा–अभियान में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना शामिल है। इंदौर में भी राजस्व महा अभियान–3 में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

मादक पदार्थ–कार्रवाई

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाया गया है। पुलिस ने कल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाही कर 10 करोड़ रूपए से अधिक की कीमत के सात सौ किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं। अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा कई संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाना है, बल्कि जनता में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

गुरू नानक जयंती

गुरू नानक जयंती को आज देश–विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह सिख धर्म के पहले गुरू, गुरू नानक देव के जन्म का प्रतीक है, जिन्होंने सिख धर्म की नींव रखी थी। इस वर्ष गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनायी जा रही है। आज के दिन दुनिया भर के श्रद्धालु विशेष प्रार्थना करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरू नानक जी का जीवन समाज को एकता, सदभाव और शांति कायम करने के साथ मानवता की मूल सिद्धांतों, करूणा और न्याय की ओर ले जाता है।

भारत–दक्षिण अफ्रीका टी20 क्रिकेट

क्रिकेट में, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में चौथा और अंतिम टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा। भारत चार मैचों की श्रृंखला में दो–एक से आगे है। पहले मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 61 रनों से हराया था, जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने मेहमान टीम को तीन विकेट से हराया। वहीं, तीसरे मैच में भारत ने एक बड़े स्कोर में दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हराकर श्रृंखला में दो–एक की बढत बना ली है।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर में आज से तीन दिवसीय विज्ञान मेला आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के वैज्ञानिक संस्थान शामिल हो रहे हैं। मेले में वैज्ञानिक संगोष्ठी, प्रदर्शनी के साथ शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।
- बैतूल नगर में 500 करोड़ की अधिक लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि नगर पालिका बैतूल द्वारा रेलवे को प्रतिदिन 40 लाख लीटर पानी उपलब्ध कराया जाएगा।
- गुना जिले के कलेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने कहा है कि राजस्व महाअभियान के अंतर्गत परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन मध्यप्रदेश भू–राजस्व के अंतर्गत किया जाये। जिसमें सड़क, रास्ते, सार्वजनिक भूमियों को चिन्हित, रास्ता विवाद एवं जल निकासी से संबंधित विवाद के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता में रहें।
- अशोकनगर जिले के 11 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर कल आरोग्य शिविरों का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल अंतर्गत जिले में लगभग 1300 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

**नमस्कार**